राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

संख्या–29/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने शहीद–ए–आजम सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 23 मार्च, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने शहीद–ए–आज़म सरदार भगत सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में गाँधी मैदान, पटना स्थित कारगिल चौक के पूरब उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं गणमान्य लोगों ने भी शहीद–ए–आज़म भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सशस्त्र पुलिस बल द्वारा शोक सलामी दी गई एवं उपस्थित लोगों ने मौन रखकर शहीद–ए–आज़म भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

....